प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 20.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल–छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रायपुर में और मुख्यमंत्री जशपुर में आयोजित कार्यक्रमों में करेंगे योगाभ्यास।

2– कांकेर जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक महिला माओवादी मारी गई।

3– एसीबी की टीम ने आज जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता और मुंगेली में कनिष्ठ अभियंता को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों किया गिरफ्तार।

4– पूरे प्रदेश में सक्रिय हुआ मानसून–आज रायपुर सहित कई स्थानों पर हुई वर्षा–मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए जारी किया अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–01**

कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम खुले में योग करने के अब तक के सबसे बड़े आयोजनों में से एक होगा।

इधर, छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला मुख्यालयों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कल इक्कीस जून को इस बार **''योग संगम–हरित योग''** थीम पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला मुख्यालयों में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक शामिल होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले सामूहिक योगाभ्यास में मुख्य अतिथि नामांकित किए गए हैं। राजधानी रायपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर जिले के रणजीता स्टेडियम में सुबह सात बजे से सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव जिला मुख्यालय मुंगेली और विजय शर्मा कबीरधाम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इसी प्रकार, मंत्री रामविचार नेताम बलरामपुर–रामानुजगंज, दयालदास बघेल बेमेतरा, केदार कश्यप नारायणपुर, लखनलाल देवांगन कोरबा, श्यामबिहारी जायसवाल मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, ओ.पी.चौधरी रायगढ़ और टंकराम वर्मा गरियाबंद में मुख्य अतिथि के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–02**

इस बीच, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज रायपुर स्थित भाजपा कार्यालय में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि दस वर्षों में केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को दुनिया में अपना उचित स्थान मिला है। श्री चौधरी ने लोगों से योग करने की अपील करते हुए कहा कि योग एक ऐसा माध्यम है, जिससे हम सभी एक स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

वहीं, भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा जिला से लेकर मंडल स्तर तक पूरे जोश के साथ योग दिवस मनाएगी।

**माओवादी–मुठभेड़**

कांकेर जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक महिला माओवादी मारी गई। यह मुठभेड़ जिले के आमाटोला और कालपर इलाके के जंगलों में हुई। खुफिया जानकारी के आधार पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ की संयुक्त टीम को अभियान के लिए रवाना किया गया। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण एलेसेला ने बताया बताया कि सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रूक–रूक गोलीबारी हुई। जवानों ने घटनास्थल से एक महिला माओवादी का शव के साथ ही एक रायफल, एक देशी बीजीएल लांचर, सात कारतूस, वॉकीटॉकी और पिट्ठू बरामद किए हैं।

**होल्ड बाईट – एके एलेसेला (25 सेकेंड)**

इस बीच, छत्तीसगढ़ के प्रतिबंधित संगठन सीपीआई–माओवादी के बारह सदस्यों ने तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में समर्पण कर दिया है।

**एसीबी–ईई गिरफ्तार**

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता अजय कुमार को दो लाख रूपए की रिश्वत लेते हुए उनके घर पर रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। अजय कुमार लोक निर्माण विभाग के जगदलपुर डिवीजन में कार्यपालन अभियंता विद्युत यांत्रिकी के पद पर पदस्थ हैं। बताया जा रहा है कि ठेकेदार को काम दिलाने के नाम पर कार्यपालन अभियंता अजय कुमार ने दो लाख की मांग की थी।

वहीं, बिलासपुर एसीबी की टीम ने मुंगेली जिले के लोरमी क्षेत्र में पन्द्रह हजार रुपए की रिश्वत लेते बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार गुप्ता को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार इस कनिष्ठ अभियंता ने पाली गांव के एक उपभोक्ता से पचास हजार रुपए की मांग की थी।

**चरण पादुका योजना**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल इक्कीस जून को जशपुर जिले के तपकरा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशव्यापी चरण पादुका वितरण योजना का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को चरण पादुका प्रदान की जाएगी।

गौरतलब है कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने चालीस करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। यह योजना राज्य के बारह लाख चालीस हजार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को लाभ पहुंचाएगी, जिन्हें चरण पादुका का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

**बीजापुर युवा–मुख्यमंत्री मुलाकात**

नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के छियानवे युवक–युवतियों ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास में पहुंचकर मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इच्छाशक्ति, संवेदना और समावेशी नीति से हमने बस्तर में बदलाव की नई शुरुआत की है। बस्तर के युवाओं का आत्मबल ही हमारी प्रेरणा है और हम सब मिलकर नया बस्तर गढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि राज्य सरकार बस्तर क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने में जुटी हुई है और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने ठान लिया है कि मार्च दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करना है।

इस दौरान बीजापुर जिले के सुदूर गांवों से राजधानी रायपुर पहुंचे युवाओं ने मुख्यमंत्री से सार्थक संवाद किया और अपने अनुभव साझा किए।

## राशनकार्ड–ई–केवायसी

प्रदेश के राशनकार्ड धारकों को तीस जून तक ई–केवायसी करवाना अनिवार्य होगा। खाद्य विभाग के अनुसार प्रदेश की सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई–पास मशीन में ई–केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा केन्द्र सरकार द्वारा जारी **"मेरा ई–केवायसी"** ऐप के माध्यम से राशन कार्डधारी अपना ई–केवायसी कर सकते हैं।

## बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम "बातों–बातों में" इस बार **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग आचार्य मंजू झा** से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम की दूसरी कड़ी का प्रसारण कल इक्कीस जून को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। वहीं, प्राईमरी चैनल पर इस कार्यक्रम का प्रसारण सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## राज्यपाल–बेमेतरा

बेमेतरा जिले के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन राज्यपाल रमेन डेका `आज अपने गोद लिए ग्राम टेमरी पहुंचे। इस दौरान पंचायत भवन परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में राज्यपाल ने सरपंच, स्व–सहायता समूहों की महिलाओं और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया।

## कवासी लखमा–रिमांड

शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को आज आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू के विशेष कोर्ट में पेश किया गया, जहां दोनों पक्षों को सुनने के बाद कवासी लखमा की न्यायिक रिमांड तीस जून तक बढ़ा दी गई है। तीस जून को एसीबी–ईओडब्लयू द्वारा लखमा के खिलाफ पूरकचालान पेश किया जाएगा। ईडी ने पिछले सप्ताह ही लखमा की साढ़े छह करोड़ रूपए की संपत्ति अटैच की थी।

## मौसम

## मौसम का हाल...

प्रदेश में इन दिनों मानसून सक्रिय हो गया है। आज राजधानी रायपुर सहित कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के आठ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सरगुजा संभाग में पिछले चौबीस घंटों से जारी बारिश के चलते नदी–नाले उफान पर हैं।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

**<u>समाचार संक्षेप में ...</u>**

–संचालनालय रोजगार और प्रशिक्षण द्वारा राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं–आईटीआई में शैक्षणिक सत्र–दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए प्रवेश के लिए पच्चीस जून तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

–सक्ती जिले के करही, मिरौनी और डोटमा में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने नौ ट्रैक्टर और एक जेसीबी सहित दस वाहनों को जब्त किया है।

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**